Navodhaya Times 14.06.2023

हेड कांस्टेबल ने दिखाई दिलेरी, पीछा कर दबोचा

नई दिल्ली : सेंट्रल डिस्ट्रीक्ट के राजेंद्र नगर थाना की पुलिस टीम ने हाई स्पीड बाईक पर सवार हो मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक कुख्यात झप्टमार व इसके रिसीवर को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर 10 मोबाइल और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी प्रियांशु निवासी पहाड़गंज पर पहले से दिल्ली के अलग-अलग थानों में 8 मामले दर्ज हैं। इसका साथी सोनू नबी करीम का रहने वाला है। डीसीपी सेंट्रल संजय कुमार सेन ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी से फिलहाल राजेंद्र नगर थाना के 3 मामलों का खुलासा किया गया है। पुलिस के अनुसार करोल बाग एसीपी करोल बाग विदुषी कौशिक की देखरेख में एसएचओ राजेंद्र नगर की टीम इलाके में पेट्रोलिंग कर रही थी। उसी दौरान पुलिस की नजर बाइक पर सवार दो युवकों पर पड़ी जो एक शख्स का मोबाइल छीनकर वहां से भाग रहे थे। हेड कांस्टेबल मुरारी ने बिना देर किया उसका पीछा कर दबोच लिया।